**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने किया सेवानिवृत हुए शिक्षकों का सत्कार




**सौंसर।** बुधवार को पांढुर्णा कलेक्टर अजयदेव शर्मा द्वारा सौसर विकासखंड के माह फरवरी 2025 में सेवानिवृत हुए शिक्षक बसंत कुमार बांगडे एवं निर्मलदास धकाते को शाल ,श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त सत्वो का भुगतान सात दिवस में संबंधित को प्रदान किया गया। पीपीओ जारी करते हुए कहा की समस्त विभागों में सेवानिवृत कर्मचारियों तथा अधिकारियों का इसीप्रकार समय सीमा में समस्त देय सत्वों का भुगतान किये जाने हेतु निर्देशित किया है। संबंधित शिक्षकों को सेवानिवृत्ति उपरांत अच्छे स्वास्थ की शुभकामनाएं दी है। अतिरिक्त कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री नेहा सोनी, तहसीलदार विनय ठाकुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरिभाऊ हांडे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मोरेश्वर ब्रहै प्राचार्य विजय धुरडे, मिलिंद बसोड़ आदि उपस्थित थे। पांढुर्णा कलेक्टर के द्वारा शिक्षकों के किए गए सत्कार को लेकर सेवानिवृत हुए शिक्षक खुश है।

### उपकरण प्राप्त कर खुश हुए वृद्धजन एवं दिव्यांगजन

**छिंदवाड़ा।** बुधवार के शुभ दिन छिंदवाड़ा के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में सक्षम, आधार एवं एल्मिको द्वारा वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर लगाया गया ओर 72 जरूरतमंदों को उपकरण भेंट कर उनके स्वास्थ लाभ की मंगल कामना की गई। तीन घंटे सफल एवं सराहनीय शिविर के मुख्य अतिथि पी.के.पांडे ज्वाइंट कमिश्नर जीएसटी, मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जी. एस. बघेल के साथ विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## रेत चोरों पर कार्रवाई के लिए कुआंबादला टोल से जुटाये जा सकते हैं साक्ष्य

# खनिज विभाग के संरक्षण से रेत चोर हो रहे हैं मालामाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

छिंदवाड़ा जिले की तामिया तहसील में रेत के काले कारोबार का गजब रेत चोरी का खुला खेल चल रहा है। यहां रेत का अवैध खनन एवं परिवहन काफी लंबे से रेत की चोरी पकड़ने वालों के संरक्षण में चल रहा है क्योंकि इन्हीं के संरक्षण का नतीजा है कि रेत चोरी जानते बुझते हुए भी कलेक्टर के निर्देश के बावजूद भी खनिज अधिकारी तहसीलदार रेत के वाहन पकडने को तैयार ही नहीं है और इनका मौन समर्थन ईन रेत चोरों को मिला हुआ है।



अवैध कमाई के चक्कर में खनिज अधिकारी हर रोज सेटिंग के चलते शासन को लाखों रुपए का चूना लगवा रहे हैं। अवैध रेत परिवहन के मामले में जिस तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं वह सब विभागीय अधिकारियों द्वारा ही बताए जाते हैं। खनन माफिया से खनिज विभाग पैसा तो वसूलता ही है। इस कारण जानते बुझते हुए भी उन पर कार्रवाई करने से कतराता है। इस कारण रेत चोरी हो रही है उन पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। यदि हुई है भी तो खनिज निरीक्षक की लचर कार्य प्रणाली के चलते बरसों से रेत का काला कारोबार बेखौफ चल रहा है। खनिज निरीक्षक द्वारा आज तक प्रमाणित कार्यवाही रेत चोरी करते पकड़े वाहनों पर नहीं की गई। इस कारण वाहन राजसात होने के बजाय जुर्माना भरकर छूट जाते हैं।

यदि खनिज एवं राजस्व विभाग को कलेक्टर के निर्देशों का यदि पालन करना है तो रेत चोरी पर आसानी से अंकुश लगाया जा सकता है क्योंकि रेत चोरी के वाहनों के आने का एक ही मार्ग है। साक्ष्य के तौर पर कुआंबादला टोल नाके पर चोरी करने वाले वाहनों का नंबर समय एवं पूरे साक्ष्य इकट्ठे कर सकते हैं, लेकिन जब कार्रवाई करनी ही नहीं है तो के साक्ष्य जुटाना प्रमाणित कार्रवाई करना यह सब बेमानी साबित हो रहे है।

**फिलहाल बातचीत से मामला हुआ शांत**

## उप सरपंच की शिकायत करने चौकी पहुंचे सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

ग्राम पंचायत बेलगांव के सचिव बुधवार को पंचायत के उपसरपंच के खिलाफ शिकायत करने न्यूटन पुलिस चौकी पहुंचे । इसके बाद उप सरपंच भी कुछ पंचों के साथ चौकी पहुंचे । यहां सचिव , सरपंच और उपसरपंच के बीच बातचीत कर मामला शांत हुआ ।

दरअसल ग्राम पंचायत बेलगांव में पंचायत के समीप आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य जारी है । जिसके स्थल चयन को लेकर उपसरपंच दिनेश यदुवंशी और कुछ पंचों के द्वारा आपत्ति उठाई गई । वहीं उपसरपंच और पंचों ने ग्राम पंचायत में बिना पंचों की सहमति , प्रस्ताव लिए बगैर विभिन्न कार्य किए जाने , फर्जी बिल लगाने आदि की शिकायत जनपद सीईओ से की है । बुधवार को ग्राम पंचायत सचिव सरवन कनौजिया पंचायत के सरपंच अखिलेश काकोड़िया के साथ न्यूटन पुलिस चौकी पहुंचे और उप सरपंच के द्वारा कार्य में बाधा डालने और गाली गलौच करने की शिकायत की । इसके बाद पुलिस ने उप सरपंच को भी बुलवाया । तब उप सरपंच और कुछ पंच पुलिस चौकी पहुंचे और उन्होंने अपना पक्ष रखा । वहीं सचिव के द्वारा भी अपना पक्ष रखा गया । इसके बाद इन लोगों में आपकी चर्चा हुई और मामला शांत हो गया।

सचिव सरवन कनौजिया का कहना है कि उप सरपंच के द्वारा बेवजह आरोप लगाए जा रहे हैं। किसी भी कार्य को करने में व्यवधान उत्पन्न किया जाता है । वहीं उपसरपंच दिनेश यदुवंशी का कहना है , कि सरपंच के द्वारा उन्हें और अन्य पंचों को विश्वास में लिए बगैर मन मर्जी से कार्य किया जा रहे हैं । ग्राम पंचायत में लंबे समय से ग्राम सभा नहीं हुई है । पंचायत के कुछ पंचों के साथ भेदभाव किया जाता है । इसकी शिकायत को जनपद से भी की गई है । जिससे नाराज होकर सचिव के द्वारा पुलिस में शिकायत करने का प्रयास किया गया ।

## हत्यारे आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

न्यायालय अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश सौंसर जिला- छिन्दवाडा द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 18/2018 थाना लोधीखेडा के अपराध कमांक-14/2018 के आरोपीगण 1. शिवा पिता रामजी त्रिपाठी,उम्र 34 साल, निवासी पातालेश्वर वार्ड कमांक 20. थाना-कुण्डीपुरा जिला-छिंदवाडा 2. अरविंद पिता सुरेश उईके,उम्र 29 साल,निवासी गीतांजली कॉलोनी,वार्ड नंबर 21 थाना-कुण्डीपुरा, जिला-छिंदवाडा 3. आदित्य उर्फ आसू पिता राजेन्द्र कुमार सराठे,उम 29 साल,गीतांजली कॉलोनी,वार्ड नंबर 21 थाना कुण्डीपुरा,जिला-छिंदवाडा को धारा 302 सहपठित धारा 120 बी भादवि में आजीवन कारावास एवं 5000/- रू का अर्थदंड,धारा- 201 भादवि में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/- रू अर्थदंड एवं धारा 404 भादवि में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000/- रू का अर्थदंड से एवं आरोपी संदीप को धारा 302 सहपठित धारा 120 बी भादवि में आजीवन कारावास एवं 5000/-रू का अर्थदंड एवं धारा-201 भादवि में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/- रू का अर्थदंड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से संदीप मेश्राम अपर लोक अभियोजक सौंसर एवं अखिल कुमार कुशराम विशेष लोक सौंसर जिला-पाढुर्णा के द्वारा पैरवी की गई।

### क्या था पूरा घटनाक्रम

अपर लोक अभियोजक सौंसर संदीप मेश्राम ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी शिवा त्रिपाठीमृतक अतुल आवलापानी के साथ प्रापर्टी का व्यवसाय करता था एवं अतुल आवलापानी के साथ में ही रहता था,कुछ समय पश्चात शिवा त्रिपाठी,मतृक अतुल आवलापानी के साथ सट्टे का काम करने लगा इस दौरान आरोपी शिवा ने मृतक अतुल आवलापानी से 30 लाख रू उधारी में लिया जिसे वह सट्टा में हार गया था,जब मृतक अतुल आवलापानी, शिवा त्रिपाठी से 30 लाख रू वापस मांग रहा था तब आरोपी शिवा त्रिपाठी मृतक अतुल को 30 लाख रू वापस ना करने के इरादे से अपने साथी आदित्य सराठे, संदीप विश्वकर्मा एवं अरविंद उइके के साथ मृतक अतुल के हत्या की योजना बनाया तथा योजना अनुसार दिनांक 08/01/2018 को आरोपी शिवा अपने साथी आरोपी आदित्य सराठे,संदीप विश्वकर्मा एवं अरविंद उइके के साथ एक टोयटा कार कमांक एमएच 40 केआर 7313 कमल लालवानी से मांग कर ले गये और ये चारों आरोपीगण सुभाष चौक नागपुर से मृतक अतुल आवलापानी को झांसा देकर ढोढयाबोरगांव और छीतापार के बीच जंगल किनारे ले गये और उसकी हत्या कर दिये।जिस संबंध में आरोपीगण के विरूद्ध थाना लोधीखेडा में अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में विवेचना निरीक्षक जी.एस. उइके द्वारा की गई एवं विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया विचारण के दौरान न्यायालय द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्ध पाते हुये दंण्डित किया गया।

## ओवरब्रिज के लिए 80 करोड़ तथा सड़कों लिए 16 करोड़ का बजट में प्रावधान

**पांढुर्ना।** पांढुर्ना अमरावती रोड पर वर्षों से लंबित रेलवे ओवरब्रीज निर्माण के लिए 80 करोड रू का आज मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी बजट में प्रावधान किया गया। इस बात की जानकारी मिलते ही नगरवासियों में हर्ष व्याप्त है। इसके साथ ही पांढुर्ना जिले की 3 सडकों के लिए 16 करोड से अधिक राशि का बजट में प्रावधान किया गया है। पांढुर्ना से राजोराकला 9 कि.मी. सडक निर्माण के लिए 9.5 करोड (949.40 लाख) रू., सौंसर तहसील में खैरी से बडोसा सडक के लिए 3 करोड 75 लाख तथा ग्राम सावंगा बायपास मार्ग के लिए 3 करोड 88 लाख रू का प्रावधान बजट में किया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि गत दिनों आदित्य होटल में क्षेत्रीय सांसद बंटी साहू ने पत्रकार वार्ता में के दौरान बताया था कि विभाग के मंत्री से मेरी चर्चा हो चुकी है और आगामी बजट में रेलवे ओवरब्रीज के लिए राशि का प्रावधान किया जाएगा। इसके पूर्व भी क्षेत्र के अनेक भाजपा तथा कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन और मांगपत्रों के जरिए इस समस्या पर शासन का ध्यान आकर्षित किया था। यहां बता दे कि पिछले लगभग 15 बरसों से पांढुर्ना के नागरिक उक्त ओवरब्रीज के निर्माण की सतत मांग कर रहे है। ज्ञात हो कि इस रेलवे क्रॉसिंग से 24 घंटे में 200 से अधिक ट्रेन गुजरती है। इस क्रॉसिंग का गेट 24 घंटे में 100 से अधिक बार बंद रहता है। कई मर्तबा एक के पीछे एक कर 3-4 ट्रेन गुजरने के बाद गेट खोला जाता है। इस प्रकार इस रेलवे गेट पर सैकडों, बाइक्स और भारी वाहन घंटों खडे रहते है। जनता को आशा है कि अब जल्द ही उक्त समस्या से छुटकारा मिलेगा।

## यात्रियों से दुर्व्यवहार पर जय बजरंग बस पर कार्यवाही

**बस परमिट 52 यात्रियों का भरकर जा रहे थे 85, बोरगांव, सौसर रामाकोना के यात्रियों से बस ऑपरेटर कर रहे दुर्व्यवहार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर संचालित होने वाली मध्य प्रदेश राज्य परिवहन निगम की अनुबंधित बसों में विवाद होने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीते दिनों बस में एक छात्रा के साथ में हुए विवाद के दौरान बस आपरेटर एसोसिएशन एवं जनप्रतिनिधि साथ ही यात्रियों की सौसर थाने में पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में बैठक भी संपन्न हुई है। सौसर पुलिस प्रशासन के द्वारा बस ऑपरेटर एवं परिचालकों को यात्रियों के साथ में अच्छा व्यवहार करने की नसीहत देने के बावजूद भी बस ऑपरेटरो के द्वारा यात्रियों से निरंतर दुर्व्यवहार किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को भी ऐसा ही एक मामला सामने आया जब यात्री नाबालिग के साथ में नागपुर से छिंदवाड़ा की ओर चलने वाली जय बजरंग बस में बस आपरेटर के द्वारा सीट नही देने ,अधिक राशि को लेकर दुर्व्यवहार किया गया। बस संचालक पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर परिजनों के द्वारा सौसर बस स्टैंड पर हंगामा करते हुए पुलिस थाने में पहुंचकर बस ऑपरेटर पर कार्रवाही करने की मांग को लेकर शिकायत दर्ज की है।

### बस ऑपरेटर पर प्रशासन का नहीं पड़ रहा दबाव

देखने में आया है कि कई बार यात्रियों के साथ में दुर्व्यवहार को लेकर सौसर थाने में अधिकारियों सौसर क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की बैठक के बाद भी नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर चलने वाले बस चालक सौसर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के अधिकारियों को ठेंगा दिखाते हुए निरंतर बोरगांव सौसर रामाकोना के यात्रियों, छात्र-छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं।

## बस परमिट 52 सवारियों का और भरी 85 सवारियां

शादी और त्योहार सीजन के दौरान अधिक पैसे कमाने के लालच में नागपुर से छिंदवाड़ा की ओर चलने वाली बस संचालकों के द्वारा बसों में भेड़ बकरियों की तरह सवारियों को भरकर अधिक पैसे की मांग की जाती है। बुधवार को जिस जय बजरंग बस के ऑपरेटर के द्वारा नाबालिग के साथ में विवाद किया है। नियम से उस बस का परमिट 52 यात्रियों का है। बावजूद इसके इस बस में 85 यात्रियों को भरकर परिवहन किया जा रहा था। बजाज जोड़ पर बस को रोककर पुलिस ने सौसर थाने में लाकर जांच पड़ताल की है। जिसमें यह तथ्य सामने आए हैं। यह कोई पहली बस नहीं है जिसमें ऐसा हो रहा है इस मार्ग पर चलने वाली 97% बसो के ऐसे ही हाल है। बसों में विकलांग, महिलाओं बुजुर्गों के लिए किसी प्रकार की कोई सीट सुविधा नही दी जा रही है। उल्टा अधिक पैसे वसूल करते हुए यात्रियों के साथ में बदसलूकी की की जा रही है। सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके का कहना है कि नागपुर से छिंदवाड़ा की ओर जा रही जय बजरंग बस में नाबालिका के साथ में सीट नहीं देने और अधिक पैसे की मांग करने पर शिकायत प्राप्त हुई थी जिसके बाद में बस को बजाज जोर से रोक कर थाने लाया गया जिसमें बस का परमिट 52 यात्रियों का था लेकिन उसमें 85 सवारियां यात्रा कर रही थी। इसके बाद में संचालक को फटकार लगाते हुए बस पर एमपी परिवहन नियमो के तहत कार्रवाई की जा रही है। भविष्य में यदि इस प्रकार की बस संचालकों के द्वारा मनमानी की गई तो कानूनी कार्यवाही करते हुए परमिट निरस्त किया जाएगा।



## कुष्ठ रोगियों के लिए विकृति बचाओ शिविर का आयोजन

**तामिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तामिया में आज दिनांक को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एन के शास्त्री एवं जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ धीरज डावंडे जी के मार्गदर्शन में एकदिवसीय जल तेल उपचार सेवा एवं सरोकार शिविर का आयोजन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र साह उईके द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर शिविर का आयोजन का शुभारंभ किया गया। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि कुष्ठ रोगाणु हाथ पैरों की तंत्रिकाओं को जब नुकसान पहुंचाते हैं तब हाथ पैरों में सुन्नपन सूखापन होता है कुष्ठ रोग की दवा एमडीटी पूर्ण उपचार एवं यह सूखापन जल तेल उपचार से मिटाया जा सकता है डॉक्टर विजय सिंह मेडिकल ऑफिसर द्वारा बताया गया कि जल तेल उपचार से शरीर में होने वाली विकृति से बचाव किया जा सकता है कुष्ठ कार्यकर्ता विजय कुमार वाघमारे द्वारा शिविर में आए हुए कुष्ठ मुक्त एवं उपचारित रोगी को जल तेल उपचार करवाते हुए व्यायाम कराया गया। कार्यकर्ता द्वारा रोगियों को सुरक्षित रहने के जानकारी दी गई रोगियों की मरहम पट्टी की गई समाज में फैले भयभ्रांतियों को दूर करने का संदेश दिया गया खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र साह उईके द्वारा कुष्ठ मुक्त एवं उपचारित रोगियों को टप और स्टूल एवं आवश्यक दवाइयां सेल्फ केयर किट पद् रक्षक सैंडल दिया गया जिससे वे अपने घरों में सुबह-शाम जल तेल उपचार कर अपने शरीर को विकृति से बचाव कर सकें कार्यक्रम में डॉ विजय सिंह डॉक्टर पलाश जी डॉक्टर योगेश बरसिया अरविंद उईके बीपीएम सुशील कुमार सूर्यवंशी डा भूपेंद तिवारी ज्ञानदास मनौटे बीसीएम धीरज डोंगरे राजेंद टांडेकर पवन बघेल ऑपरेटर लेखराम उईके एवं कुष्ठ रोगी उपस्थित रहे।



## होली पर स्टॉल लगाकर विक्रय करेंगे गौशालाओं द्वारा निर्मित कण्डे एवं गौकाष्ठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा जिले में प्रदूषण रहित होली मनाने के लिये लकड़ी के कम उपयोग के लिये आमजन को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से गौशालाओं में बनने वाले कण्डे एवं गौकाष्ठ के विक्रय किये जाने के लिये निर्देशित किया गया है।इसी परिप्रेक्ष्य में उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा अवगत कराया गया कि कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिले की गौशालाओं बाहुबली जीवरक्षा संस्थान मेघासिवनी एवं संत आशाराम गौशाला खजरी द्वारा 13 मार्च 2025 को कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सामने वाले मैदान में एवं पोला ग्राउण्ड छिंदवाड़ा में गौशालाओं द्वारा निर्मित कण्डे एवं गौकाष्ठ का विक्रय स्टॉल लगाकर किये जाने के लिये निर्देशित किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

**छिंदवाड़ा।** जिले में यातायात पुलिस और प्रशासन लगातार सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए प्रयास कर हरे है। लेकिन इसके बावजूद भी हादसों में बढ़ोत्तरी होती जा रही है।

इसी क्रम में बुधवार को एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई वहीं दूसरे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना दोपहर एक बजे के आसपास की बताई जा रही है। चांद रोड से ग्राम पिंडरई भानादेही के पास बाइक सवार दो युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से बुरी घायल हो गए जिसमें मोहगांव खापा निवासी बीस वर्षीय युवक सत्यम पिता दिनेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं जमुनिया निवासी युवक कमलेश पिता प्रमोद उइके बुरी तरह घायल हो गया है। जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।



## पिस्टल और कारतूस के साथ पकड़ाया आरोपी

**कोतवाली पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही, आरोपी भेजा जेल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से पिस्टल और कारतूस के साथ आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आगामी धर्मिक त्यौहारो के मद्देनजर रखते हुए जिले मे अवैध मादक पदार्थ, अवैध शस्त्र एवं आसामाजिक तत्वो पर निगाह रखने हेतु निर्देशित किया अवैध गतिविधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ट अधिकारियो से निर्देश प्राप्त हुए थे। अजय पांडे (आई.पी.एस.) पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा के निर्देशन मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे निरीक्षक उमेश कुमार गोल्हानी थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व मे दिनाँक 11.03.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सोनपूर मल्टी के तरफ कमर मे अग्नेय शस्त्र (देशी पिस्टल) रखे हुए दिखाई दिया है जो कोई अप्रिय घटना कारित कर सकता है की सूचना पर घटना स्थल सोनपूर मल्टी के पास रोड किनारे छिन्दवाडा पर एक संदेही को घेरा बंदी कर पकडा गया जिसके कब्जे से एक स्टील की देशी पिस्टल जिसमे मैगजीन लगी हुई है एवं 02 जिंदा कारतूस जप्त किया गया जिसने स्वयं का नाम संजय रघुवंशी पिता सबल सिंह रघुवंशी उम्र 35 साल निवासी ग्राम बतरी थाना चांद जिला छिन्दवाडा के विरुध्द अपराध क्र. 134/2025 धारा 25(1)(1-क) आर्म्स एक्ट पंजीबध्द किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।

### बिछुआ पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

आगामी त्यौहारों (होली एवं रमजान) को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना बिछुआ/चौकी खमारपानी पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। आगामी त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस सतर्क है।

### गिरफ्तार आरोपी

संजय रघुवंशी पिता सबल सिंह रघुवंशी उम्र 35 साल निवासी ग्राम बतरी थाना चांद जिला छिन्दवाडा जप्ती माल – एक लोहे की देशी पिस्टल, एक मैग्जीन एवं दो जिंदा कारतूस ( राऊंड )

### इनकी रही भूमिका

आरोपी को पकडने में निरीक्षक उमेश कुमार गोल्हानी ,सउनि. अमित कुमार यादव, सउनि ब्रिजेश रघुवंशी, प्र. आर. 98 रविन्द्र ठाकुर, आर. 219 विकास बैस, आर. 857 शैलेन्द्र राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है । जिन्हे पुलिस अधीक्षक महोदय छिंदवाडा द्वारा पुरूस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

**कलेक्टर के संयुक्त अधिकारियों की टीम ने किया निरीक्षण**

## सारोठ जलाशय से अवैध जल उपयोग करने पर 17 मोटरें जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के विकासखंड मोहखेड़ के 30 ग्रामों को जल निगम द्वारा सारोठ जलाशय से पानी लाकर शुध्दिकरण के पश्चात पेयजल आपूर्ति की जाती है, किंतु लंबे समय से जलाशय के आसपास के किसानों द्वारा अवैध रूप से मोटर पंप लगाकर सिंचाई के लिए पानी खींचा जा रहा था। इससे जलाशय का जलस्तर लगातार गिरता जा रहा था, जिससे आगामी ग्रीष्म ऋतु में इन 30 ग्रामों में पेयजल संकट की गंभीर आशंका उत्पन्न हो सकती थी। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए 11 मार्च 2025 को ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस मुद्दे को प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया।



इसके अंतर्गत कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार 12 मार्च 2025 को एसडीएम छिंदवाड़ा के नेतृत्व में राजस्व विभाग, जल निगम, पुलिस विभाग, जल संसाधन विभाग एवं विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने सारोठ जलाशय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जलाशय में अवैध रूप से संचालित 17 मोटरें पाई गईं, जिनका जप्तीकरण कर विधिवत कार्रवाई की गई।

**समय रहते की गई कार्रवाई से टला जल संकट :** यदि समय पर इन अवैध मोटरों को बंद नहीं कराया जाता, तो गर्मी के मौसम में जलाशय पूरी तरह सूख सकता था, जिससे मई-जून के महीनों में 30 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराना असंभव हो जाता। इस कार्यवाही ने जलाशय के जलस्तर को बनाए रखने और क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को संभावित जल संकट से बचाने में अहम भूमिका निभाई है।

**अभियान में ये अधिकारी रहे मौजूद:** इस महत्त्वपूर्ण कार्रवाई के दौरान एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन, नायब तहसीलदार मोहखेड़ श्रीमती साक्षी शुक्ला, थाना प्रभारी मोहखेड़ सुश्री कोमल सिंह रघुवंशी, जल निगम के महाप्रबंधक अविनाश दिवाकर, उप महाप्रबंधक बसंत कुमार बेलवंशी, विद्युत विभाग के सहायक यंत्री प्रशांत नागेश आदि मौजूद रहे।

### कलेक्टर शर्मा को महामहिम राज्यपाल करेंगे सम्मानित

**पांढुर्ना।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि 2023-24 में कलेक्टर अजय देव शर्मा की कोशिशों से पांढुर्ना जिले से निर्धारित लक्ष्य से अधिक संग्रहण के लिए राज्यपाल महोदय मध्यप्रदेश शासन द्वारा इनका सत्कार किया जाएगा। आगामी 25 मार्च को कलेक्टर अजय देव शर्मा को राजभवन भोपाल आमंत्रित किया गया है जहां इन्हें प्रशस्तिपत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त अधिकृत जानकारी के अनुसार इस सत्कार समारोह में शामिल होने के लिए कलेक्टर महोदय को विशेष आमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ है।



## होली रहेगी फीकी, परिवार का भरण पोषण करने में आ रही कठिनाई

# अतिथि शिक्षकों की होली बेरंग, चार माह से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

बजट आवंटन के अभाव में स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की होली बेरंग होती नजर आ रही है। वर्तमान में समूचे विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत सैकड़ो अतिथि शिक्षक वेतन के अभाव में होली जैसे बड़े पर्व पर खासे चिंतित नजर आ रहे हैं।

मिली जानकारी अनुसार जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को बीते चार माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है ऐसे में अब यह अतिथि शिक्षक आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं अतिथि शिक्षकों का कहना है की प्रतिमा वेतन न मिलने के कारण लगातार कर्ज तले दबने की नौबत आ रही है शान द्वारा हर माह वेतन भुगतान की बात कही जाती है किंतु चार-चार महा वेतन प्राप्त न होने पर अतिथि शिक्षक अपने परिवार का भरण पोषण करने में भी सक्षम नहीं होते हैं। अतिथि शिक्षक संघ के विधानसभा



मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते चार माह से वेतन न मिलने के कारण तीज त्योहार पर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बच्चों की स्कूली फीस सहित घर के अन्य खर्च भी चलाने में समस्याएं हो रही है शासन प्रशासन को प्रतिमाह वेतन भुगतान संबंधी कार्यवाही करनी चाहिए। अतिथि शिक्षक संघ के संरक्षक सन्तोष गंगारे, अध्यक्ष - राजेश चौकसे, उपाध्यक्ष विक्रम भोमल, कार्यकारी अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, शीतल भावरकर, सचिव कमलेश नागले, गौतम कुमार भमरकर, सहसचिव साजिद खान, मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र मालवी, कोषाध्यक्ष - आशीष सहित समस्त अतिथि शिक्षकों ने शीघ्र वेतन कराए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है जिससे होली पर्व अच्छे से मनाया जा सके।

### इनका कहना है

अतिथि शिक्षकों के वेतन हेतु आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है इसलिए वेतन का भुगतान नहीं किया जा सका है।

ओपी जोशी
बीईओ जुन्नारदेव

## कौमी एकता की मिशाल रंग पंचमी का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रंग पंचमी पर लगने वाला ऐतिहासिक मेले को लेकर तैयारियां जोरों पर है जिसकी तैयारी समिति द्वारा की जा रही है पंथ श्री हुजूर सुरुती सनेही नाम साहेब की जीवित समाधि स्थल होने के कारण एवं कबीर पंथ के सातवें गुरु वंषाचार्य की जीवित समाधि को लेकर यहां कई वर्षो से रंग पंचमी पर ऐतिहासिक विशाल मेला लगता है।इस मेले में मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र राजस्थान गुजरात दिल्ली सहित विभिन्न प्रांतो से कबीर पंथ के अनुयाई सहित समस्त धर्म संप्रदाय के लोग इस महोत्सव में आते हैं।खासकर यह जीवित समाधि स्थल प्रांगण कौमी एकता की मिशाल है जहां कबीरपंथ को मानने वाले धर्म प्रेमी सहित हिन्दू ,मुस्लिम ,जैन सहित सभी धर्म के लोग एक साथ मिलकर सारी व्यवस्थाओं को देखते है और इस कार्यक्रम में बढ़चढकर कर हिस्सा लेते हुए सहभागी होते है। समिति द्वारा हर वर्ष 5 दिनों तक लगातार विशाल भंडारा का आयोजन रंग पंचमी के पावन पर्व पर आयोजित करते है जो दिनांक 15 मार्च से प्रारंभ होकर 19 मार्च तक चलेगा और रंगपंचमी को समापन होगा जिस पर श्रद्धालुओं का आस्था का मेला यहां देखने को मिलेगा।

# एसडीएम कार्यालय में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के निर्देशो के पालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार मंगलवार 11 मार्च को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व /रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चौरई श्री प्रभात मिश्रा की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र चौरई अंतर्गत समस्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों की स्टेंडिंग कमेटी की बैठक एसडीएम कार्यालय चौरई के सभा कक्ष में आयोजित की गई ।बैठक में विधानसभा क्षेत्र चौरई के मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों की जानकारी दी गई। साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण के बारे में बताया गया।

इसके अलावा अपील की सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोडे जाने मृत, स्थानातरण, अन्यत्र चले जाने वाले मतदाताओ के नाम काटने तथा मतदाता सूची में किसी भी प्रकार के नाम सरनेम, आयु, पिता पति का नाम या अंग्रेजी में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर संशोधन की कार्यवाही की जाकर शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने में सहयोग करें ।बैठक में श्रीमति प्रीति पटेल तहसीलदार / सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चौरई तथा अमित सोनी, अरविंद वर्मा, चन्द्रभान सोनी, गोविन्द दंताले भारतीय जनता पार्टी से तथा धीरज खंडेलवाल, अभिताभ राउत इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से एवं एडवोकेट जितेन्द्र निवारे, के साथ साथ अन्य राजेश, नीरज, शिवकुमार, मनराज धुर्वे, वीरन, प्रतिनिधि मौजूद रहें ।


## आटो चालकों के लिए परिवहन मंत्री से मिली ज्योति डेहरिया

**हरिभूमि न्यूजःपरासिया।** परासिया विधान सभा प्रभारी एवं अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला अध्यक्ष ज्योति डेहरिया परासिया आटो चालकों की समस्या के समाधान के लिए स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री से मिली । मंत्री ने उन्हें समस्या का समाधान शीघ्र करने का आश्वासन दिया है ।गौरतलब है , कि बीते 3 दिनों से परासिया आटो चालक अपनी कमाई में कटौती के डर से परेशान है और आंदोलन का रूख अपना रहे हैं । आर टी ओ और पुलिस प्रशासन ने परमिट का हवाला देकर परासिया के आटो चालकों को छिंदवाड़ा आने से मना कर दिया है । जिससे आटो चलाकर जीवन निर्वाह करने वालों के सामने समस्या खड़ी हो गई है । दर असल आटो चालकों के पास सिर्फ 16 किलोमीटर के दायरे में आटो चलाने का परमिट है । जबकि परासिया से अधिकांश आटो छिंदवाड़ा सवारी लेकर आना जाना करते हैं , लेकिन परमिट के अनुसार वे छिंदवाड़ा नहीं जा सकते । ये समस्या लेकर आटो यूनियन के लोग भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया से मिले । जिसके बाद ज्योति डेहरिया ने स्कूल एवं शिक्षा मंत्री उदय प्रताप से भोपाल में मुलाकात की और आटो चालकों की समस्या से अवगत कराया।

## भरदी सरपंच, सचिव, उपसरपंच और ग्रामीणजनों के बीच हुआ आपसी समझौता

**दमुआ।** ग्राम पंचायत भरदी पंचायत की मुखिया सरपंच गेंदो राजभोपा के साथ ग्राम सभा के दौरान कथित तौर पर अभ्रदता करने का मामला गर्मा रहा था कि सरपंच ने पंचायत के 13 पंचो समेत ग्रामीणजनों के साथ छिन्दवाड़ा पंहुचकर कलेक्टर एवं एस.पी.साहब से मुलाकात कर उनके सरपंच के साथ ग्राम सभा में कथित तौर पर अभ्रदता पूर्ण व्यवहार करने वाले लोगो के खिलाफ षिकायत की थी, और कार्यवाहीं की मांग की थी गौरतलब है कि 29 जनवरी को ग्राम पंचायत भरदी पंचायत के गांव नान्दना ग्राम के सामुदायिक भवन में ग्राम सभा आयोजित की गई थी जबकि ग्राम सभा में ग्रामवासियों के बीच ग्राम के सरपंच महोदया, सचिव तथा उपसरपंच भी ग्राम सभा में पहुंचे थे। ग्राम सभा में एजेन्डे के अनुसार कार्यवाहीं चल रहीं थी कि तभी गांव के कुछ ग्रामीणजनों ने आकर विकास निर्माण कार्य के एजेंडे से हटकर बाते करने लगे और भड़क गये जिससे विवाद की परिस्थिति उत्पन्न हो गई विकास निर्माण कार्य एजेन्डे से हटकर बाते होने लगी थी कि पंचायत के मुखिया और अन्य ग्रामीणजनों के साथ जाकर जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा से षिकायत भी की गई थी, कि पंचायत के सभी जवाबदार लोगों एवं ग्रामीणजनों को समझाईस देने के उपरांत उन सभी के बीच आपस में चर्चा भी हुई और फिर की गई षिकायत वापस ले ली गई ऐसा भी ज्ञात हुआ कि पुलिस थाना दमुआ में सभी जनो ने आपस में चर्चा कर आपसी समझौता भी किया गया। कि दुबारा ऐसी गलती ना हो आप सभी ऐसा प्रयास करें और ग्राम पंचायत के विकास निर्माण कार्य में गति प्रदान करें।

# सीसीआई नहीं कर रही कपास की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल सौसर, युवा मोर्चा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी सौसर सिद्धार्थ पटेल को सीसीआई के द्वारा कपास की खरीदी पुनः शुरू करने की माग को लेकर ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के दौरान भाजपा नेताओं के द्वारा सौसर क्षेत्र में सीसीआई की खरीदी पुणे शुरू करने के साथ ही बेरी रोड पर लगे हुए सूखे पेड़ों के कारण आए दिन हो रही दुर्घटना पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग सौसर एसडीएम से की गई।ज्ञापन में सौसर नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे, भाजपा सौसर मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे ने बताया की सौसर क्षेत्र में सीसीआई के द्वारा कपास की खरीदी बंद करने के चलते किसानों का भारी नुकसान हुआ है। सीसीआई के द्वारा फिर से सौसर तहसील में सीसीआई के द्वारा खरीदी शुरू करनी चाहिए,चने की फसल का अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं किया जा रहा है संबंधित विभाग के द्वारा जल्द से जल्द चना के फसल के लिए रजिस्टेशन शुरू करना चाहिए, सौसर से बेरड़ी के बीच रोड पर सूखे पेट की कटाई की जाए , नहीं तो यह किसी दुर्घटना को न्योता दे सकती है, जिसकी भी जल्द से जल्द कटाई की जाए, सड़क के किनारे लगे हुए सूखे पेड़ों के कारण आए दिन यहां पर दुर्घटनाएं घटित हो रही है।प्रशासन को सोपे ज्ञापन में भाजपा नेताओं के द्वारा जल से जल समस्याओं का समाधान नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**जुन्नारदेव।** छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम जुन्नारदेव विशाला में समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं ने अपने शिविर अनुभव साझा किए। सीमा पूजा और रंजीता ने बाल विवाह, साइबर क्राइम और पर्यावरण जागरूकता पर कविता प्रस्तुत कीं। किरण ने मां गीत प्रस्तुत किया। समस्त स्वयं सेविकाओं ने आदिवासी नृत्य से समा बांध दिया।देविका, पिंकी, रेशमा, हेमलता, अंजु ने अपने विचार प्रस्तुत किए कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रश्मि नागवंशी ने श्रम सेवा सहयोग की भावना से अथक परिश्रम करने वाली स्वयं सेविकाओं को पुरस्कारों से नवाजा। शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ए के टांडेकर सर ने स्वयं सेविकाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवम स्वयं सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। डॉक्टर संगीता वाशिंगटन मैडम ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समस्त महाविद्यालय इन स्टाफ और स्वयं सेविकाओं ने एनएसएस के लक्ष्य गीत ₹उठे समाज के लिए उठे₹ के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# होली व जुमे की नमाज को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** पुलिस थाना वारासिवनी में मंगलवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए। इस बार होली एवं जुमे की नमाज एक ही दिन पड़ रही हैं, जिसे लेकर पुलिस प्रशासन ने शांति समिति की बैठक बुलाई। जिसमें पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से सुझाव मॉगे। बैठक में होलिका दहन, बोर्ड परीक्षा, डी जे सांउड, जुमे की नमाज सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि होली सहित अन्य त्यौहारों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग नगर एवं ग्रामीण अंचलों में फ्लैग मार्च निकाल कर आम जनता तक संदेश पहुँचाने का प्रयास करेगा। 13 मार्च व 14 मार्च को होली त्यौहार के मद्देनजर पेट्रोलिंग सहित मुख्य स्थलों पर पांईट लगाकर असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जायेगी, ताकि त्यौहार सौहाद्र्रपूर्ण तरीके से दोनों त्यौहार संपन्न हो सके। बैठक में एसडीओपी अभिषेक चौधरी, थाना प्रभारी हेमंत नायक, एसआई धर्मराज बघेल, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, पूर्व पार्षद मनोज दांदरे, पूर्व पार्षद विवेक विक्की ऐडे, शैलेन्द्र सेठी, सुदेश गुड्डु सोनी, दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष संजय कॉसल, कैलाश दुल्हानी, इकबाल कुरैशी, सोनू सोहाने, सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नवमें वार्षिकोत्सव पर हवन पूजन कर माता को लगाया छप्पन भोग

# मां काली मंदिर लांजी में मनाया गया वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

### शारदा महिला मंडल द्वारा माँ काली जी को 56 भोग अर्पित

हरिभूमि न्यूज लांजी।

धर्मनगरी लांजी में मंडई टेकरी स्थित मां काली मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माँ कालीघाट जनकल्याण समिति लांजी द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज 12 मार्च को आयोजित किया गया। बता दे की माँ काली जी की प्रतिमा स्थापना का यह नवम वर्ष है। वार्षिक उत्सव समारोह में मां काली घाट जनकल्याण समिति मंडई टेकरी लांजी, सद्भावना मित्र मण्डल लांजी, शारदा महिला मंडल लांजी एवं पंडित ईश्वरी प्रसाद तिवारी एवं अन्य वैदिक ब्राम्हणों वार्षिक उत्सव समारोह धार्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत



सुबह 7 बजे से माँ भगवती का महाअभिषेक, तदोपरांत पंचोपचार पूजन, तदोपरांत वैदिक ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ, तदोपरांत दोपहर दो बजे से दशांश हवन पूर्णाहुति के पश्चात माता की महाआरती की गई। इसके बाद भक्तजनों द्वारा माता के भजनों की देर रात तक प्रस्तुति दी गई। वहीं महाआरती के पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण भी किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर की सामाजिक धार्मिकं संस्था शारदा महिला मंडल द्वारा 56 भोग महाप्रसाद का भोग माता को अर्पित किया गया। महिला मंडल की सदस्याओं द्वारा अपने घरों से विभिन्न प्रकार के व्यंजन, मिठाईया इत्यादि तैयार माँ काली मंदिर पंहुचे जहां पर हवन पूजन आरती के पश्चात माँ काली जी 56 भोग का प्रसाद अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में उपस्थित मां काली घाट जनकल्याण समिति के अध्यक्ष युगेश रामटेक्कर एवं मंदिर के पुजारी ईश्वरी प्रसाद तिवारी ने बताया की वह पिछले नौ वर्षों से यहां माता की सेवा कर रहे है। और प्रतिदिन मां काली को दूध का भोग लगाते है इस दौरान 5 मिनट के लिये मंदिर का कपाट बंद कर दिया जाता है। इसके पश्चात जब माता का कपाट खोला जाता है तो माता को लगाया गया दूध के भोग का गिलास आधा हो जाता है। अध्यक्ष श्री रामटेक्कर का कहना है की जिस आस्था और विश्वास के साथ मां काली घाट जनकल्याण समिति द्वारा यहां माता काली की प्रतिमा की स्थापना की गई है वह मां काली की जागृत रूप से उपस्थिति को दर्शाती है। वहीं मंदिर के पुजारी ईश्वरी प्रसाद तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता की सेवा की जा रही है जिससे यहां आने वाले सभी भक्तों को माता का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।

## 24 वर्षीय युवक घायल, गोंदिया में चल रहा इलाज

# तेज रफ्तार कार विद्युत पोल से टकराई

### *पुलिस को दुर्घटना की खबर नहीं, क्षतिग्रस्त कार भी दुर्घटना स्थल से गायब*



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मंगलवार-बुधवार की रात्रि लगभग एक बजे वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 3 में सविता टॉकीज के सामने बिजली के पोल से तेज रफ्तार कार के टकरा जाने से उसमें सवार 24 वर्षीय युवक बुरी तरह से घायल हो गया। जिसका वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला चिकित्सालय बालाघाट फिर वहाँ से उचित उपचार के लिए गोंदिया भेज दिया गया। जहाँ पर उसका उपचार चल रहा हैं। जानकारी अनुसार वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 3 बडी नहर के पास रानी दुर्गावती नगर में रहने वाला युवक मेष पिता विश्वेश्वर पटले की आंबेडकर भवन के सामने स्थित काम्प्लेक्स में आटो डील की दुकान हैं। मंगलवार-बुधवार की रात्रि में वह अपनी लाल रंग की इको स्पोट्र्स वाहन क्रमांक डी एल 11 सी बी 1680 से नगर की सडक़ों पर तेज रफ्तार से मटरगश्ती कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका नियंत्रण कार से हट गया और उसकी कार सविता टाकीज के सामने लगे हुए विद्युत पोल से टकरा गई।

## पुरानी रंजिश के चलते कथित तौर पर फिर से हुआ विवाद

# घर में घुसकर जान से मारने की दी धमकी

### ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचा पीड़ित परिवार

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

विगत माह 21 फरवरी को कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम जाम में पुरानी रंजिश के चलते कुछ युवकों ने एक घर में घुसकर लक्की बिसेन नामक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की थी. बताया जाता है कि पीड़ति युवक का नागपुर के अस्पताल में अब भी उपचार जारी है. इस घटना के बाद पुलिस ने पीड़ति युवक के भाई दीपक बिसेन की शिकायत पर अरूण पटले, तरूण पटले, चांद कटरे, शुभम ठाकरे, मिथुन पटले, अंकित शरणागत, पंकज, विक्की उर्फ विकेश के खिलाफ नामजद अपराध दर्ज किया गया था. पुलिस ने इन सभी के खिलाफ अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 331 (2), 296, 115(2), 351 (3), 109, 324



(2), 191 (2), 190 की कार्रवाई की है और दो लोगों को गिरफ्तार भी किया था. वहीं अन्य लोगों की अब भी तलाश कर रही है. इस बीच दीपक ने बुधवार की दोपहर करीब ढाई बजे करीब दर्जन भर स्थानीय ग्रामीणों के साथ कटंगी थाने पहुंचकर एक शिकायती ज्ञापन सौंपा है। दीपक बिसेन ने बताया मंगलवार-बुधवार की दरम्यिनी रात्रि करीब साढ़े 12 बजे विक्की चौधरी, शुभम ठाकरे सहित अन्य करीब आधा दर्जन अज्ञात युवाओं ने उनके घर में घुसकर पूर्व की शिकायत पर राजीनामा करने दबाव बनाया और जब परिवार ने इससे इंकार किया तो उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई. वहीं जब परिवार ने शोर मचाया तो सभी लोग वहां से भाग गए. जिसके बाद गांव के लोगों ने उनका पीछा भी किया लेकिन कोई भी पकड़ में नहीं आया. दीपक बिसेन ने बताया कि भाई के साथ मारपीट की शिकायत पर राजीनामा के लिए दबाव बनाया जा रहा है. मगर, भाई के साथ मारपीट क्यों हुई थी. इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

# होली व रमजान त्योहारों के मद्देनजर

## किरनापुर पुलिस ने नगर में किया फ्लैग मार्ग

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** जिला पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आज किरनापुर पुलिस थाना किरनापुर के द्वारा, रंगो का सबसे बड़ा पर्व रंगोत्सव आगामी 13 एवं 14 मार्च को है जिसको लेकर नगर सहित क्षेत्र में तैयारियाँ हो चुकी है। रंग, पिचकारी गुलाल सहित गाठियों की दुकाने सज गई है। लोग होली पर्व के निमित्त खरीददारी प्रशासन रमजान भी मुस्तैद एवं ग्राम रक्षा वहाँ होली करते हुये उत्सव को लेकर है। पूर्व में ही होली अन्य त्यौहारों समितियों चुकी है। किरनापुर द्वारा होली को लेकर की बैठके एसडीएम शांति सहित समिति, आयोजित की जहां होली के उत्सव को लेकर निर्देश भी जारी कर दिये गये है। होली में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखे, तारो के नीचे होलिका दहन ना करे। वहीं होली पर्व में पुलिस का दायित्व खासा बढ़ जाता है अनेको बार देखने में आया है कि होली पर्व में शराब आदि पीकर कुछ लोग हुडदंग भी करते है ऐसे में पुलिस की जवाबदारी इस पर्व में बढ़ जाती है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, पुलिस अधीक्षक बालाघाट नगेन्द्र सिंह के द्वारा भी सभी थाना प्रभारियों को विशेष पुलिस व्यवस्था के लिये आदेशित कर दिया गया। नगर एवं ग्रामीण



क्षेत्रो में पुलिस शाति व्यवस्था बनाये रखने हेतु नगर ग्रामो का भ्रमण करे, ग्रामीणो को आवश्यक दिशा निर्देश दे की होली काशांति और सौहार्द पूर्ण मनाये। किसी भी प्रकार के असमाजिक गतिविधियाँ होने पर कार्यवाही की जावेगी। 11 मार्च को किरनापुर थाना प्रभारी अशोक ननामा अपने दल बल के साथ किरनापुर नगर के सभी मुख्य मागों एवं चौक चौराहो का भ्रमण किया गया जहां होलिका दहन भी होना है। इस शांति फ्लैग मार्च में सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे जिन्होंने भ्रमण के द्वारा नगर वासियों को शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा प्रेम भाईचारे सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने की बात कही। इस दौरान थाना प्रभारी अशोक ननामा के नेतृत्व में एस आई जी एस उइके एएसआई नेहरू बहेरवंश सहित अन्य पुलिस बल किरनापुर थाना उपस्थित रहा।

## वरिष्ठ नागरिक मंच ने किया भव्य अभिनंदन

# संजय रुसिया को मिला ग्लोबल आईकान अवार्ड 2025



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

स्थानीय गांधी बाल उद्यान वारासिवनी में वरिष्ठ नागरिक मंच मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों ने मंच के संरक्षक संजय रूसिया को भारत सरकार के अधिकृत संस्थान ग्लोबल फाउंडेशन कोटा द्वारा ग्लोबल आईकॉन अवार्ड 2025 से सम्मानित करने पर भव्य अभिनंदन करते हुए अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ, गुलाल से तिलक वंदन एवं बेच लगाकर उनके यशस्वी, शतायु, स्वस्थ, सुखी, आनंदमय जीवन की कामना की।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक मंच के जिला मंत्री सुरेंद्र बिसेन, ओमप्रकाश नगपुरे, प्रदीप खंडेलवाल, मनीराम बिसेन, मनोहर सिंह ठाकुर, हीरा सिंह चंदेल, अशोक दुबे, भेजेंद्र चौधरी, गणेश चुरहे, कमल पटले, अशोक ओचानी, रामेश्वर मसकरे, सुमेरचंद कोल्हे, नारायण सिंह, शरद डेकाटे, रतन अग्रवाल, राकेश सोनी, कन्हैया चौहान, के के कठौते, लालचंद लाखड़े, श्री बिसेन आदि ने ने श्री रुसिया को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ नागरिक मंच मध्यप्रदेश के तत्वावधान में उल्लेखनीय, मूल्यवान, कीर्तिमान स्थापित करने वाले विशेष प्रतिभाशाली व्यक्तित्व को समय-समय पर प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाता है एवं प्रतिदिन स्वास्थ्य रक्षा हेतु आसन, योग, प्राणायाम, ध्यान का नियमित अभ्यास भी करवाया जाता है। समाज सेवा एवं धार्मिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले संजय रूसिया को मंच के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अक्षत, चंदन, गुलाल एवं पुष्प वर्षा करते हुए शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बुधवार 12 मार्च को गाईड लाईन वर्ष 2025-26 के लिए जिले की अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण हेतु जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति के जिला स्तरीय सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में उप जिला मूल्यांकन समितियां सिवनी, लखनादौन, केवलारी, बरघाट से प्राप्त बाजार मूल्य की अंनतिम दरों के प्रस्तावों का अवलोकन व विश्लेषण कर सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसी तरह समस्त उप जिला मूल्यांकन समिति से प्राप्त प्रस्तावों का सूक्ष्मता से परीक्षण व विश्लेषण उपरांत सर्वसम्मति से बाजार मूल्य दरों का समर्थन किया गया। जिसमें अनुमोदित दरों को जिला पंजीयक कार्यालय सिवनी व सम्पदा 2.0 की साईट पर देखा जा सकता है तथा किसी प्रकार की दावा आपतित होने पर आगामी 02 दिवस के भीतर जिला पंजीयक कार्यालय में दावे आपत्ति आमंत्रित किये जाते हैं।

### राज्य स्तरीय आयोजन से लौटे विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**लखनादौन:** मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर अमरकंटक में दो से आठ मार्च तक आयोजित किया गया। इसमें स्वामी विवकानंद शासकीय महाविद्यालय के तीन विद्यार्थी मोनिका यादव, रविन्द्र भारद्वाज व बादल अहिरवार ने भाग लिया। शिविर में लौटे स्वयंसेवकों का कालेज के विद्यार्थियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। शिविर में गए तीनों स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव सभी विद्यार्थियों के साथ साझा किए व शिविर की गतिविधियों के बारे में बताया। बादल अहिरवार ने शिविर में अनुशासन के बारे में बताया। मोनिका यादव ने भाषण प्रतियोगिता में ट्रॉफी जीती व बौद्धिक चर्चा से होने वाले अनुभव की जानकारी साझा की। रविन्द्र भारद्वाज ने आउटिंग पर मां नर्मदा उद्गम स्थल, माई की बगिया में साफ-सफाई करने व टाइम मैनेजमेंट करने से मिले अनुभव के बारे में बच्चों को जानकारी दी। महाविद्यालय प्राचार्य डा. जीएल तलवरे, कार्यक्रम प्रभारी शशिकेश संकोलिया व आकांक्षा दुबे विद्यार्थियों को शिविर के अनुभव से अपने कार्यक्षेत्र में लाभ लेने प्रेरित किया।

# अवैध उत्खनन रोकेगा कौन...? हो रहा है राजस्व का करोड़ों का घाटा

**उप तहसील उगली क्षेत्र अन्तर्गत हो रहे रेत उत्खनन ओर परिवहन से करोडो का राजस्व का नुकसान मध्यप्रदेश सरकार को प्रतिमाह हो रहा है।जिले मे रेत उत्खनन ओर पत्थर उत्खनन कर करोड़ो रुपया रायल्टी की चोरी से छति पहुंचाने मे ठेकेदार कोई कसर नही छोड़ रहे है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।



खनिज माफिया व ठेकेदार रेत उत्खनन के लिए चिन्हाकिंत खदानों से पृथक नदियो से रेत उत्खनन कर रहे है। सेंकड़ों किलोमीटर दुर की रायल्टी काटकर एक रायल्टी से तीन तीन चक्कर रेत का परिवहन हो रहा है। 18 टन केपीसिटी के डम्फरो मे 25 -26 टन रेत भरी जा रही है।जिसके कारण उगली मार्ग बार बार छतिग्रस्त हो रही है। जिला खनिज अधिकारी,केवलारी खनिज निरीक्षक के संरक्षण में हिर्री ,धनई नदी से अबैध रेत निकलने का काम ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है।
रेत ठेकेदार राजेश पाठक हेवी पोंकलेंड मशीनरींयों के माध्यम से हजारो एकड़ से रेत निकासी करवा रहा है। हिर्री नदी ओर धनई नदी मे 25 से 30 फिट गहरे गहरे गडडो के साथ वन भूमि का भी क्षरण हो रहा है। नसीपुर, सारेखांकला, सकरी से लेकर आसपास के ग्रामों में भुजल स्तर कम हो गया है, हैंडपंपो में पानी नहीं है तालाब बावली सुख गई है। पेंच कॉरिडोर से पांडिया छपारा वन क्षेत्र का जुड़ाव वन जीवो का आवागमनी मार्ग है लेकिन बहुतायात मशीनों पोकलेंड जीसीबी डम्फरो का शोरगुल,सेकडो डम्फरो का रात दिन से चलना रोड ओर वनजीवो के लिए अभिशापित बन गया है।
24 घंटे डंपरों की पीपो-पीपो कर मार्ग में दौडन्ना क्षेत्रीय प्राकृतिक पर्यावरण संतुलन को बिगाड़ा हुआ है। हिर्री नदी ओर धनई नदी नसीपुर से रेत का अबैध तरीके से हो रहा उत्खनन सिस्टम को दागदार तो करता है। साथ ही जंगल ,वनजीव, नदी के अस्तित्व को खतरा है। एक रॉयल्टी मे 3 -4 ट्रिप चक्कर मारकर शासन को आर्थिक नुकसान जिला खनिज अधिकारी ओर ठेकेदार पहूंचा रहे है।

#### इनका कहना है

रेत ठेकेदार के द्वारा एनजीटी के मापदण्डो को दर किनार कर नदी को छलनी किया जा रहा है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रेत खदान का सीमांकन हो रायल्टी ओर डम्फरो के नम्वरो की जांच के लिए कुम्हणा के पास जांच चोकी बनायी जाये।
**अखिलेश ठाकुर**
**पूर्व सरपंच सारेखाकला**



## अंगूर से भरा ट्रक पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नागपुर से जबलपुर की ओर जा रहा अंगूर से भरा ट्रक बुधवार को सुबह बंडोल बायपास के पास पलट गया। ट्रक पलटते ही उसमें भरा अंगूर की पेटियां सडक़ पर बिखर गई और अंगूर चारों तरफ बिखर गए। सडक़ पर बड़ी मात्रा में बिखरे अंगूरों को देख लोगों की नियत डोल गई और वे अंगूर लूटने लगे। इस हादसे में वहां चालक परिचालक को मामूली चोट आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीटी 7751 नागपुर से जबलपुर जा रहा था। ट्रक में अंगूर भरे हुए थे। ट्रक बंडोल बायपास के पास से जब गुजर रहा था, तभी ट्रक का टायर फट गया और तेज रफ्तार से जा रहा। ट्रक के चालक का ट्रक से नियंत्रण हट गया और ट्रक वहीं सडक़ किनारे घूम कर पलट गया। जिसके चलते ट्रक में भारा अंगूर सडक़ पर बिखर गया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा पहुंचाया गया। वहीं सूचना मिलते ही बंडोल पुलिस मौके पर पहुंची तब तक वहां से गुजर रहे लोगों ने व आसपास के स्थानीय लोगों ने बड़ी मात्रा में अंगूर लूट कर चले गए।

### दुकानें लगाने को लेकर विवाद की स्थिति

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद अब विवाद की स्थिति बन रही है। मंगलवार को सरकारी बस स्टैंड के पास फुटपाथ में दुकान लगाने वाले फुटकर दुकानदार उस समय आक्रोशित हो गए जब नगर पालिका के राजस्व अमले ने उन्हें दुकान लगाने से मना कर दिया। वहीं स्थाई दुकानदार भी उनके सामने फुटकर दुकानें लगने से आक्रोशित हो गए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में दुकानदार एकत्रित हो गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को वहां से हटाया। मंगलवार की सुबह फुटकर दुकानदारों ने रैली निकालकर प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत सौंपी। उन्होंने मांग है कि छोटे दुकानदारों को व्यवसाय के लिए यथावत रखा जाए या फिर उचित स्थान दिलाया जाए। उर्दू स्कूल व सुभाष चंद्र बोस स्कूल के सामने दुकानें लगाने वालों ने सुबह एकत्र होकर नगर पालिका में प्रदर्शन भी किया था।

### सडक़ दुर्घटना मे दो घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी के घंसौर विकासखंड में सर्रा गांव के पास मंगलवार रात दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब एक बाइक पर दो लोग घंसौर से सर्रा गांव जा रहे थे, जबकि दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति सर्रा से घंसौर की ओर आ रहा था। सर्रा गांव के पास मोड़ पर हुई घटना सर्रा गांव के पास एक मोड़ पर दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत 108 एंबुलेंस और घंसौर पुलिस को सूचना दी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हादसे में घायल हुए लोगों में सर्रा निवासी 43 वर्षीय घनश्याम यादव, 35 वर्षीय गन्नू पावले और तुमड़ीपार निवासी 27 वर्षीय रमेश उइके शामिल हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। पुलिस ने लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।



### विधानसभा मे मार्गो के निर्माण एवं सर्किट हाउस जीर्णोद्धार की मिली स्वीकृति

**विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्यमंत्री का आभार किया व्यक्त**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी- बुधवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा विधानसभा क्षेत्र मे मार्गो के निर्माण एवं सर्किट हाउस जीर्णोद्धार की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री डा मोहन यादव जी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन के प्रयासों के चलते मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र मे सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम गोरखपुर से गौरपानी मार्ग लंबाई 1.4 किमी. 150 लाख लागत तथा इसी प्रकार ग्राम बम्होडी से फरेदा मार्ग लंबाई 2.6 किमी. 568 लाख एवं सिवनी नगर स्थित सर्किट हाउस के जीर्णोद्धार हेतु 50 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुयी। जिस पर विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा विधानसभा वासियों की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

## यूनिवर्सल कंप्यूटर एकेडमी एवं सेम रॉक जैक एंड जिल स्कूल में संपन्न हुआ होली मिलन का कार्यक्रम

**यूनिवर्सल कंप्यूटर एकेडमी एवं सेम रॉक जैक एंड जिल स्कूल कैंपस में आज होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के द्वारा गुलाल की होली खेली गई और समाज में संदेश दिया कि आगामी समय में जल को सुरक्षित रखने के लिए हमें गुलाल की होली खेलना चाहिए**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिससे कि पानी की बचत होगी कार्यक्रम की प्रारंभ में सर्वप्रथम स्वर्गीय श्री अभय निगम की छायाचित्र पर बच्चों के द्वारा गुलाल का तिलक लगाया गया उसके बाद आपस में गुलाल की होली खेली गई । वहीं बच्चों के द्वारा मधुर संगीतों पर नृत्य किया गया स्कूल संचालिका के द्वारा बच्चों को संदेश दिया गया की होली के त्यौहार में सावधानीपूर्वक होली खेले किसी भी प्रकार के ऐसे कलर का प्रयोग ना करें जिससे कि आपके शरीर को नुकसान पहुंचे साथ ही साथ जल को संचित करना भी बहुत आवश्यक है अतः रंग गुलाल की ही होली खेले।




### रोजगार मेला का आयोजन 20 मार्च को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से शासकीय आई.टी.आई., बायपास चौक, बरघाट रोड, सिवनी में दिनांक 20 मार्च 2025 को प्रात 11 बजे से शाम 04 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच के इच्छुक आवेदक जो कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित होवें। उन्होंने बताया कि आयोजित मेले में सहभागिता करने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### जिला सहकारी विकास समिति एवं संयुक्त कार्य समिति की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सिवनी से संबंधित 57 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियॉ कार्यरत हैं। राज्य शासन के द्वारा भारत सरकार की चिन्हित योजनाओं के अंतर्गत नवीन पैक्स पुनर्गठन किये जाने हेतु जिला सहकारी विकास समिति एवं संयुक्त कार्य समिति की बैठक कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में विगत दिवस को आयोजित हुई। आयोजित बैठक में जिले की 57 बी-पैक्स समितियों में से 30 नवीन बी-पैक्स समितियों का पुनर्गठन किये जाने का निर्णय लिया गया। जिससें सिवनी जिले में कुल 87 बी-पैक्स समितियां हो जायेगी। बैठक में उपायुक्त सहकारिता घनश्याम डेहरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक के के सोनी, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड मारिस नाथ उपसंचालक कृषि, सहायक संचालक मत्स्य विभाग श्री के एल मरावी, सहायक संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग एवं प्रतिनिधि दुग्धसंघ की उपस्थिति रही।

## सिवनी रेलवे स्टेशन से 17 मार्च को निकलेगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्यप्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा का विशेष प्रबंध किया जाता है। इसी योजना के तहत 17 मार्च 2025 को सिवनी रेलवे स्टेशन से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन (ट्रेन नंबर 08853) तीर्थयात्रियों को लेकर रवाना होगी। यह ट्रेन सिवनी, छिंदवाड़ा, आमला, बैतूल, इटारसी, जबलपुर, सतना, मनिकपुर, प्रयागराज, वाराणसी होते हुए अयोध्या पहुंचेगी और फिर इसी मार्ग से वापस लौटेगी।
ट्रेन की यात्रा मार्ग और ठहराव
भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा प्रदान करेगी। इस ट्रेन का विस्तृत यात्रा मार्ग निम्नानुसार होगा
प्रस्थानः 17 मार्च 2025, सुबह 08 बजे (सिवनी रेलवे स्टेशन से)
महत्वपूर्ण ठहरावः छिंदवाड़ा, आमला, बैतूल, इटारसी, जबलपुर, सतना, मनिकपुर, प्रयागराज, वाराणसी गंतव्यः अयोध्या धाम
वापसीः निर्धारित यात्रा पूर्ण करने के बाद यही ट्रेन यात्रियों को वापस लाएगी इस विशेष ट्रेन में यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएँ और आरामदायक सफर सुनिश्चित किया गया है।

#### ट्रेन में मिलने वाली सुविधाएँ

शुद्ध एवं शाकाहारी भोजन
आरामदायक स्लीपर और एसी कोच
प्रत्येक यात्री के लिए बेडरोल और पीने का साफ पानी
डॉक्टर और मेडिकल सुविधाएँ उपलब्ध
यात्रा के दौरान आध्यात्मिक कार्यक्रम और सत्संग का आयोजन
यात्रा मार्ग में धार्मिक स्थलों का विस्तृत भ्रमण

#### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लाभ

**मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों को धार्मिक स्थलों की यात्रा कराने का है। इस योजना के अंतर्गत यात्रा पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिससे समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को भी आध्यात्मिक लाभ प्राप्त हो सके।**

### विधानसभा निर्वाचन स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित ,विधानसभा का जेंडर रेशो 989.69प्रतिशत पहुंचा

**केवलारी-** महेश अग्रवाल पदेन निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम ने आज निर्वाचन स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित कर विधानसभा 116 केवलारी कि संपूर्ण जानकारी प्रदत की और बताया कि 1 अप्रैल के बाद से सतत नाम कांटे जा सकते हैं एवं नाम जोड़े भी जा सकते हैं उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 266452 है,जिसमें 133915 पुरुष 132534 महिलाए और अन्य तीन लोग शामिल है ।विधानसभा सभा का जेंडर रेशो 989.69 पहूंचा ।वर्तमान समय में केवलारी विधानसभा में 353 मतदान केंद्र है जिसमें सुझाव अनुसार मतदान केदो को जरूरत पड़ने पर नया बनाया जा सकता है। इस मौके पर सतीश चोधरी तहसीलदार ,अशीष भराडे एसडीओपी, प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी, नितिन बघेल पूर्व जनपद सदस्य, जोगी लाल गोडबाना गणतंत्र पार्टी, अमित तिवारी, अभय अग्रबाल , रमाशंकर महोबिया, सुधीर पांडेय, मनीष जैन रफीक खान, विनोद सिसोदिया कैलाश कुमार ,अखिलेश राय निज सहायक एसडीएम, नीलेश तिवारी सहायक प्रोग्रामर ,योगेश धुर्वे ई गवर्नमेंस सहायक प्रबंधक, संजय कहार राजा कुमार राय ,राधेश्याम कुमरे निर्वाचन कार्यालय कर्मचारी सहित अन्य पार्टियों के कार्यकर्ता ओर अधिकारी कर्मचारी उपास्तिथ थे।

## 6 माह से गैस रिफिल न कराने वाले उज्जवला योजना के हितग्राहियों का कनेक्शन किया जायेगा असक्रीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत सरकार पेट्रोलियम मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशन में तेल विपणन कंपनियों द्वारा नकली, डुप्लिकेट, फर्जी और मृतक घरेलू एल.पी.जी. लाभार्थियों को हटाने के निर्देश दिये गये हैं। शासन का उद्देश्य दुरूपयोग को रोकना अप्रयुक्त एलपीजी उपकरणों की वसूली और पुनर्वितरण सुनिश्चित करनें के निर्देश दिये गये हैं।
उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत निष्क्रिय कनेक्शनों के प्रबंधन के लिए ऑयल कम्पनी द्वारा एक कमेटी बनाई गई हैं। जिसके तहत उज्जवला योजना के तहत ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा लगातार 6 माह से गैस रिफिल नहीं कराई जाती है तो ऐसे कनेक्शन को ब्लॉक कर दिया जाकर भविष्य में अन्य हितग्राहियों को दे दिया जायेगा। अतः उज्जवला योजना के सक्रीय हितग्राही लगातार गैस रिफिल करायें ताकि असुविधा से बचा जा सके।

## सर्वसमावेशी बजट में युवाओं के लिए नए अवसरों की सौगातः वैभव पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्यप्रदेश सरकार के बजट 2025-26 को भारतीय जनता युवा मोर्चा मप्र के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का युवाओं की ओर से आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में मध्यप्रदेश के विकास के रोडमैप के लिए कुल 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए के प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को सार्थक करने की दिशा में यह बढ़ते हुए कदम हैं। यह बजट गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के उत्थान को समर्पित है। उन्होंने कहा कि इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे के साथ-साथ युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर देने पर विशेष ध्यान दिया गया है।
उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने वाला है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने शिक्षा, स्टार्टअप, स्वरोजगार और कौशल विकास को नए आयाम देने का काम किया है। रोजगार के नए अवसरों, आईटी हब के विस्तार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए बजट का विशेष प्रावधान युवाओं के लिए सुनहरे भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि बजट में सीएम युवा शक्ति योजना अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम निर्माण करने का निर्णय अभिनंदनीय है। नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पतालों का निर्माण और विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार युवाओं के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा। उक्त जानकारी भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी महेन्द्र बघेल ने दी है।

### सरकारी स्कूलों में नवीन सत्र 2025-26 की तैयारियां शुरू

## शासकीय विद्यालयों को 17 मार्च तक सर्वे कर बतलाना है कक्षा 1 का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी के निर्देशन में सरकारी स्कूलों में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 की तैयारियां शुरू कर दी गई है। नये सत्र की तैयारियों में सबसे प्रमुख कार्य जो वर्तमान में स्कूलों द्वारा किया जा रहा है, वह कक्षा 1 में प्रवेश के लिए लक्षित बच्चों के सर्वे का कार्य है। शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक एसएमसी की बैठक लेकर कक्षा 01 में सभावित प्रवेश लेने वाले बच्चों के पालकों को सरकारी स्कूलों में जारी एफएलएन शिक्षण पद्धति की सफल कियान्वयन, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदाय किये जाने, निःशुल्क गणवेश प्रदाय किये जाने, छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने वाली लाभकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनके बच्चों को शासकीय विद्यालयों में प्रवेशित किये जाने हेतु प्रोत्साहित कर रहें है।
इसी क्रम में जिला शिक्षा केन्द्र में विगत दिवस बीआरसी समस्त एवं पाठ्य पुस्तक वितरण प्रभारी की समीक्षा बैठक जिला परियोजना समन्वयक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें बीआरसीसी को 01 अप्रैल 2025 को सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाये जाने के पूर्व की तैयारियों के लिए महम्वपूर्ण निर्देश दिये गये, जिसके तहत निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का विद्यालय तक परिवहन किया जाना, नये शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शासकीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रचार-प्रसार किया जाना एवं अन्य ऑनलाईन गतिविधियां समय-सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन 31 मार्च तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन 31 मार्च 2025 तक किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 एवं बोनस 175 रू इस प्रकार कुल 2600 रूपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने इच्छुक सभी कृषकों को नजदीकी पंजीयन केन्द्र में अपना पंजीयन कराने की अपील की है।

मात्र 999/sq.Ft में प्लाट उपलब्ध
गौतम बुद्ध बिहार सिटी
सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी रेरा अप्रूव्ड टी एन सी पी विकास अनुमति डायवर्टेड कॉलोनी
बरघाट बाईपास से कटंगी बाईपास, न्यू डूडा सिवनी थाना के पास ग्राम छिड़िया पलारी सिवनी संपर्क 9589249192, 8871779192

## ईओडब्ल्यू ने कटंगी की राईस मिलों से जब्त किए दस्तावेज

# धान घोटाले में जांच कार्रवाई जारी



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मध्य प्रदेश में धान उपार्जन घोटाले को लेकर ईओडब्ल्यू की टीम लगातार जांच कार्रवाई कर रही है. प्रदेश के 12 जिलों छापामार कार्रवाई कर प्रारंभिक निष्कर्ष में करीब 33 हजार क्विंटल धान की हेराफेरी के प्रमाण एकत्रित किए है. जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपए के नुकसान का अनुमान है. बीते कुछ दिनों से आर्थिक अपराध शाखा यानी ईओडब्ल्यू की टीम बालाघाट जिले के अलग-अलग स्थानों में छापामार कार्रवाई कर चुकी है. विगत दिवस 05 मार्च को ईओडब्ल्यू की टीम तिरोड़ी तहसील के उपार्जन केंद्र नांदी और कटेधरा में जांच की थी. जांच के दौरान पाया गया कि कुल 61 हजार 336.62 क्विंटल धान क्रय की गई. जिसमें 1 हजार 371.80 क्विंटल धान कम पाई. जांच के बाद नांदी समिति प्रबंधक गुलचंद बिसेन, खरीदी प्रभारी योगराज चौहान, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुरेन्द्र गौतम, और कटेधरा धान खरीदी केन्द्र प्रभारी मनोज रूद्रकार, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुरेश गौतम के विरूद्ध एफआईआर की गई. वहीं जांच को आगे बढ़ाते हुए 12 मार्च को ईओडब्ल्यू जबलपुर की टीम ने नांदी और कटेधरा धान उपार्जन केंद्रों से जिन-जिन राईस मिलों को धान भेजी गई थी. उन सभी राईस मिलों की जांच की गई।

बुधवार की दोपहर करीब साढ़े 03 बजे ईओडब्ल्यू की टीम ने कटंगी शहर की शिखर राईस मिल, संत जयरामदास राईस मिल, अभिषेक राईस मिल में धान और चांवल के स्टॉक की जांच की और राईस मिलों में दस्तावेज खंगाले. टीम इन राईस मिलों से बड़ी संख्या में अपने साथ दस्तावेज लेकर गई है. ईओडब्ल्यू की टीम ने उप पुलिस अधीक्षक ए.व्ही.सिंह के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया. कार्रवाई के दौरान कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी यादव, निरीक्षक श्रीमती छवि कांति आर्मो, निरीक्षक मोमेन्द्र कुमार मर्सकोले, प्रधान आरक्षक अभिनव ठाकुर, आरक्षक हरिहर बिन्दबार, सगीर खान शामिल रहे. बताया जाता है कि इस पूरे घोटाले में वेयर हाउस, ट्रांसपोटर्स, राइस मिल मालिक और सरकारी अधिकारी शामिल है.अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक अपराध शाखा ने भोपाल, जबलपुर, सागर, रीवा, सतना, मैहर, सागर, पन्ना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, श्योपुर और बालाघाट जिलों की उपार्जन समितियों और वेयर हाउसों में छापामार कार्रवाई की है. सतना जिले के एक वेयर हाउस में 535 क्विंटल धान के बदले भूसी पाई गई. जिसके बाद तो इस पूरे प्रकरण में हड़कंप मचा हुआ है।

## सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में बालाघाट ए ग्रेड पर

# संभागायुक्त वर्मा ने जिला कलेक्टर्स के साथ की प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जबलपुर संभाग कमिश्नर श्री अभय वर्मा द्वारा बुधवार को संभाग के सभी कलेक्टर्स के साथ विभिन्न विषयों पर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी कलेक्टर्स के साथ सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण के सम्बंध में निर्देशित किया है। बालाघाट सीएम हेल्पलाइन निराकरण के मामले में ग्रेड ए पर है। कमिश्नर श्री वर्मा ने बालाघाट जिले की प्रसंशा की। वहीं जिनकी ग्रेड बी पर है उन्हें निरन्तर जिला अधिकारियों के साथ टीएल में समीक्षा कर ग्रेडिंग स्तर को सुधारने के निर्देश दिए गए है। कमिश्नर श्री वर्मा ने सभी कलेक्टर्स को ई-ऑफिस स्कैनिंग के निर्देश दिए है। उन्होंने रबी उपार्जन के लिए कलेक्टर्स को विशेष रूप से पंजीयन में सक्रियता दिखाने को कहा है। पिछले वर्ष 255779 पंजीयन हुए थे वहीं अब तक 74811 पंजीयन किये गए है। रबी उपार्जन वर्ष में बालाघाट जिले में 25 उपार्जन केंद्र निर्धारित किये गए है जिसमे से 21 कंप्लीट हो गए है। वहीं संभाग में कुल 573 में 122 उपार्जन केंद्र का कार्य पूर्ण किया जा

## तहसील स्तरीय आपदा प्रबंधन पर जनजागृति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में बुधवार को तहसील कार्यालय बालाघाट में आपदा प्रबंधन पर जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे श्रीमती रजनी खटीक डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड के मार्गदर्शन में श्री श्याम सिंह धुर्वे, प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड एवं आपदा टीम द्वारा अग्निशमन, भूकम्प, लू, ताप राज्ञपातः सर्पदंश, बाढ़ जैसे आपदाओं की सावधानियों एवं बचाव की तकनीक एवं मप्र सरकार के मौसम के पूर्वानुमान सूचना संबंधी महत्वपूर्ण ऐप दामनी एवं सचेत ऐप के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर श्रीमति वंदना कुशराम नायब तहसीलदार जनसमन्वय अधिकारी, सरपंच, सचिव, शिक्षकगण, ऑगनवाड़ी की सहायिका एवं आशा कार्यकर्ताओं आदि के लगभग 70 लोगों की उपस्थिति रही।

## वैनगंगा नदी के घाटों का कटाव रोकें, सांसद ने संसद में उठाया मुद्दा

### बजरंग घाट मंदिर को ढहने का खतरा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट की सांसद भारती पारधी ने संसद के शून्यकाल में वैनगंगा नदी के घाटों के पक्के निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि बजरंग घाट, शंकर घाट और महामृत्युंजय घाट स्थानीय लोगों की आस्था के केंद्र हैं।

सांसद ने कहा कि ये घाट वनक्षेत्र से लगे हैं। यहां लोग पूजा-अर्चना और भ्रमण के लिए आते हैं। बाढ़ के कारण इन घाटों की मिट्टी का कटाव हो रहा है। इससे वन संपदा को आर्थिक नुकसान हो रहा है।



चिंता का विषय यह है कि कटाव के कारण बजरंग घाट मंदिर के ढहने का खतरा पैदा हो गया है। सांसद के अनुसार इसका एकमात्र समाधान पक्के घाटों का निर्माण है। इससे आस्थावान लोगों को सुविधा मिलेगी और नगर का सौंदर्यीकरण भी होगा।

भारती पारधी ने मंत्री से आग्रह किया कि वे इस विषय को गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि शीघ्र कार्रवाई से वनों को भू-अपरदन से बचाया जा सकेगा और आस्था के स्थल भी सुरक्षित रहेंगे।

## सहकारी समिति बालाघाट के लिए निर्वाचन के लिए आरओ नियुक्त

**बालाघाट।** मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने सहकारी समिति के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. बालाघाट के लिए अंकेक्षण अधिकारी श्री आर के पौनीकर को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री ओझा द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार सहकारी समिति बालाघाट में सदस्यता सूची प्रकाशित करने का कार्य 17 मार्च, प्रकाशित सदस्यता सूची पर आपत्ति प्राप्त करने का कार्य 24 मार्च, सदस्यता सूची पर प्राप्त आपत्तियों के निराकरण व अन्तिम सदस्यता सूची के प्रकाशन का कार्य 25 मार्च, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरूद्ध अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने का कार्य 26 से 28 मार्च तक,रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरूद्ध अपील प्राप्त होने की स्थिति में अपील के निराकरण का कार्य 4 अप्रैल और राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अंतिम सूची प्रस्तुत करने का कार्य 7 अप्रैल को निर्धारित किया गया।

# दिव्यांगों की भर्ती पर विवाद : नपा में 6 माह से लंबित, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगरपालिका में बुधवार को दिव्यांगों की भर्ती प्रक्रिया में देरी के चलते विवाद शुरू हो गया है। प्रगतिशील दिव्यांग समिति ने मामले में कलेक्टर मृणाल मीना को ज्ञापन सौंपा है। नगरपालिका ने 4 से 6 महीने पहले दिव्यांगों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। आवेदन जमा होने के बाद भी अब तक किसी की नियुक्ति नहीं की गई है। समिति के प्रतिनिधि अमन नामदेव ने कहा कि नगरपालिका की ओर से इस देरी का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है।

दिव्यांग समिति ने कई अन्य मांगें भी रखी हैं। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना में उन दिव्यांगों को प्राथमिकता देने की मांग शामिल है, जो अपने परिवार से अलग रहते हैं और जिनके पास खुद का घर नहीं है। साथ ही आउटसोर्स एजेंसियों में दिव्यांगों के लिए 6 प्रतिशत आरक्षण की मांग भी की गई है। समिति ने कलेक्टर से भर्ती प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि इससे दिव्यांगों को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।



## आज 07 तहसीलों की ग्राम पंचायतों में लगाये जायेंगे शिविर

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा जिले में फॉर्मर रजिस्ट्री एवं आधार खसरा लिंकिंग के कार्यों को युद्ध स्तर पर करने के निर्देश जारी किये गए है। वहीं आयोजित शिविर की सतत निगरानी के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। चूँकि मार्च 25 के उपरांत पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए फॉर्मर आईडी अनिवार्य होगी। इसी परिप्रेक्ष्य में गुरुवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं शाम 4 बजे से 6 बजे तक फॉर्मर रजिस्ट्री एवं आधार लिंकिंग शिविर का आयोजन लालबर्रा, खैरलांजी, लांजी, किरनापुर, वारासिवनी, कटंगी तथा बालाघाट की ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। जिसमे प्रत्येक ग्राम पंचायतों में पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, पीएसीएस के कर्मचारी, ग्राम कोटवार व सर्वेयर की टीम उपस्थित रहकर किसानों की फॉर्मर आईडी बनाने का कार्य सुनिश्चित करेंगे।

## आज होगा होलिका दहनःहोली को लेकर सजा बाजार

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में होली का त्योहार होलिका दहन से शुरू होगा। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंदचंद्र तिवारी के अनुसार, 13 मार्च को सुबह 10:36 से पूर्णिमा तिथि शुरू होगी। रात 11:27 तक भद्रा काल रहेगा। इस साल भद्रा काल आधी रात 12 बजे से पहले ही समाप्त हो जाएगा।

शास्त्रों के अनुसार, भद्रा समाप्ति के बाद ही होलिका दहन करना शुभ माना गया है। इसलिए रात 11:27 से रात 12 बजे के बीच होलिका दहन का सबसे उपयुक्त समय रहेगा। होली के त्योहार को लेकर बाजार में रौनक देखी जा रही है। दुकानों में रंग, पिचकारी, मुखौटे और होली के कपड़ों की भरमार है।

बच्चों के लिए विशेष रूप से कई तरह की पिचकारियां उपलब्ध हैं। पिचकारियों की कीमत 10 रुपए से लेकर 2000 रुपए तक है। मुखौटों की भी अलग-अलग कीमतें हैं। नगर के सभी चौक-चौराहों पर होलिका दहन की तैयारियां बुधवार से शुरू हो गई हैं। होलिका को एक दिन पहले ही सजा दिया गया है। होलिका दहन के अगले दिन शुक्रवार को धुलेंडी का त्योहार मनाया जाएगा।



# किरनापुर जनपद पंचायत में दिव्यांगजनों को किया उपकरण वितरित



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

मध्यप्रदेश शासन के द्वारा हर वर्ग के लिये अनेको महत्वकांक्षी योजनाएँ बनाई गई जिसका सीधा लाभ प्रदेश की जनता को प्राप्त हो रहा है। प्रदेश सरकार के द्वारा सभी वर्ग के साथ साथ दिव्यांग वर्गों के लिये भी अनेको योजनाऐं संचालित है जिसके क्रियान्वयन सभी रूप में हो रहा है कि नहीं इसका भी मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा रखा जाता है। दिव्यांग जनों के लिये अनेको शिविरों का आयोजन किया जाता है और उन्हे शिविर के माध्यम से, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के माध्यम से लाभ दिया जाता है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत किरनापुर के प्रांगण में 11 मार्च को कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व में दिव्याग शिविरों के माध्यम से चिन्हित हितग्राहियों व लाभार्थी दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह व उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रंहागडाले सभापति मुकेश चौहान व योगराज भास्कर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। दिव्यांगजनों को बैटरी से चलने वाली ट्राई सायकिल, श्रवण मशीन, दर्द रहित कमर बेल्ट, छड़ी एवं ट्राई सायकिल सहित अन्य उपकरणों का वितरण किया गया। जिसमें लगभग 30 दिव्यास जनों को इसका लाभ मिला। जनपद कार्यालय की ओर से समन्वय अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ने मानव सेवा की सबसे बड़ा धर्म बताकर दिव्यांगजनों को ईश्वर का उपहार की संज्ञा दी है।

# विधायक भगत ने सातनारी जलाशय एवं ग्राम पटेल पद के मुद्दे उठाये

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्यप्रदेश में वर्तमान समय चल रहे विधानसभा के बजट सत्र में परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने अपनी सक्रियता को बनाये रखते हुए क्षेत्र से जुडे अलग अलग विषयों से संबंधित विभिन्न मुद्दों की तरफ ध्यान आकर्षित करवाया है। जिसमें परसवाडा क्षेत्र के सातनारी जलाशय का निर्माण प्रगतिरत है। निर्माण कार्य की समयावधि समाप्त होने के बाद कार्य पूर्ण हो नहीं पाया है। हजारो कृषकों को खेती के लिये आवश्यक जल नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण जनता में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार वन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं होने के कारण कार्य में रूकावट आ रही है।वन विभाग की अनुमति नहीं होने पर भी कार्य प्रारंभ करवाकर करोडो रूपयों का भुगतान निविदा कार्य को किया जा चुका है। इससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है। अतः निर्माण कार्य हेतु शीघ्र ही वन विभाग की अनुमति प्रदान किये जाने की आवश्यकता है।

इसी तरह से भू राजस्व संहिता अध्याय 17 पृष्ठ क्रमांक 632 पर ग्राम पटेल पद पर नियुक्ति करने के नियम अंकित है। धारा 222 में पटेल पद पर नियुक्त करने नियम अंकित है। धारा 228 एवं 239 में पटेलों के कर्तव्य करने के नियम अंकित है। अतः ग्राम पटेलों की नियुक्ति करने एवं पटेल पद के अधिकारों के लिये विधानसभा में प्रश्न लगाकर पटेलों के अधिकार प्रदान किये जाने तथा रिक्त स्थानों पर नियुक्ति प्रदान किये जाने तथा नियुक्ति कराने ग्राम पटेलों को न्याय दिलाये जाने की तरफ भी ध्यान केन्दित किया गया है। पटेलों के नहीं होने के कारण ग्रामीण संबंधी अनेक कार्यो में बाधा उत्पन्न हो रही है।

विधायक भगत के अनुसार वह जो भी क्षेत्र के जुडे गंभीर मुद्दे है उस ओर सदन का ध्यान केन्द्रित कराने के लिये पूरी तरह से गंभीर है ताकि सदन के माध्यम से समस्याओं का समाधन सरलता के साथ किया जा सके।

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है हैंडपंप

***ग्राम देवरी बाजार चौक का हैंड पंप उगल रहा दूषित पानी***

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



गर्मी का शुरुआती दौर है आमजन को पानी की किल्लत से निजात दिलाना जिम्मेदारों का काम है ग्राम पंचायत देवरी के बाजार चौक पर हैंडपंप अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है ग्रामीणों का कहना है कि जब से हैंडपंप का निर्माण हुआ है तब से लेकर आज तक उसके पाइप नहीं बदले गए, हैंड पंप का पाइप फटने के चलते दूषित पानी निकल रहा है देवरी बाजार चौक में आम लोगों का ज्यादातर आना-जाना है ऐसे में हैंडपंप का पानी लोगों की कंठ की प्यास नहीं बुझा रहा है ग्रामीणों का कहना है कि दूषित पानी उगल रहे हैंड पंप के पाइप बदले जाए जिससे आम लोगों को शुद्ध पानी मिल सके ग्राम वासियों की अपील पर मिडिया प्रतिनिधि द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इंजीनियर विजय कुमार तिवारी को समस्या से अवगत कराया गया हैंड पंप की जल्द मरम्मत पर विभागीय अधिकारी ने जल्दी ही हैंडपंप की मरम्मत करने की बात कही हैं।

# जानलेवा गड्ढे से आम राहागीरों को कब मिलेगी निजात


लालबर्रा सेंट्रल बैंक के पास मार्ग पर जानलेवा गड्ढा जस का तस
अभी तक नहीं हुई जानलेवा गड्ढे की मरम्मत, जिम्मेदार बने मुकदर्शक
हरिभूमि
बालाघाट-सिवनी मार्ग पर नहीं सुधरी गड्ढों की दशा
हरिभूमि

## लालबर्रा सेंट्रल बैंक के पास गड्ढे की कब होगी मरमत

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बालाघाट सिवनी मार्ग पर स्थित लालबर्रा सेंट्रल बैंक के पास उभरा बड़ा गड्ढा आम राहागीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है अनेको मर्तबा हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा उक्त गड्ढे की तस्वीर जिम्मेदारों को दिखाई गई जिससे यातायात मे परेशानी भी आ रही है लेकिन जिम्मेदारों ने आंख मूंद ली है उन्हें बड़ा गड्ढा दिखाई नहीं दे रहा है जो आम राहागीरो और वाहनों के लिए दुर्घटना का कारण भी बन रहा है गड्ढे के चलते आम लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है प्रबुद्धजनों का कहना है कि यह कैसी व्यवस्था है बालाघाट सिवनी मार्ग से न जाने कितने अधिकारी से लेकर नेता तक सफर करते हैं पर दुर्भाग्य की बात क्या उन्हें बड़ा गड्ढा दिखाई नहीं दे रहा प्रबुद्ध जनों की मांग है कि जल्द ही गड्ढे की मरम्मत कराई जाए जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू हो और आवागमन आसानी से हो सके जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि जानलेवा गड्ढे की मरम्मत के लिए प्रयास करें जन हित में जारी।

## जिला उपभोक्ता आयोग ने आदेश पारित कर मृतक की पत्नी को दिलवाए 14 लाख रूपये

# दोपहिया वाहन की मैकेनिकल मिस्टेक से हुआ एक्सीडेंट, बीमा कंपनी को देना पड़े 14 लाख रुपये

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला उपभोक्ता फोरम की बैंच ने किरनापुर की श्रीमती रंजू बारेकर के पक्ष में अच्छा निर्णय दिया है। मामला वर्ष 2024 के एक प्रकरण में 20 जनवरी 2025 को पारित आदेश में पीड़िता व आवेदक श्रीमति रंजु बारेकर को 14 लाख रुपये की राशि का चैक प्रदान किया है। 14 लाख रूपये की राशि का चेक प्राप्त होने पर जिला उपभोक्ता आयोग के कार्यों की प्रशंसा की एवं त्वरित राशि मिलने पर खुशी व्यक्त की। फोरम के न्यायिक सदस्य डॉ महेश कुमार चांडक व श्रीमति हर्षा बिजेवार डोहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड नम्बर 3 ग्राम दत्ता किरनापुर की श्रीमति रंजु बारेकर उपभोक्ता आयोग बालाघाट में आवेदन प्रस्तुत किया था।

श्रीमती बारेकर के प्रकरण में प्रस्तुत आवेदन के अनुसार पति लुकेश बारेकर मोटर साईकिल स्पेलंडर प्लस वाहन क्रमांक MH 49 BY 9921 का उपयोग करते हुये राष्ट्रीय राजमार्ग आवलगांव तुमसर जिला भंडारा रोड़ पर यांत्रिकी त्रुटि आने पर वाहन आनियंत्रित हुआ। आवेदिका के पति को गंभीर चोट आने से मृत्यु हो गई थी। इस दुर्घटना में आवलगांव पुलिस थाने में दर्ज की गई आवेदिका को पति की मृत्यु उपरांत बीमा कंपनी द्वारा क्षति पुर्ति राशि 15 लाख प्रदान नहीं की गई। जिस पर आवेदिका रंजु बारेकर ने 24/06/2024 को जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट में प्रकरण दर्ज किया।

आवेदन के साथ शपथ-पत्र, पुलिस रिपोर्ट, व्यक्तिगत दुर्घटना पॉलिसी, वाहन रजिस्ट्रेशन एवं लाईसेंस के दस्तावेज प्रस्तुत किये जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा अनावेदकगणों को उपस्थिति एवं जवाब के लिए नोटिस जारी किया गया। जिस पर प्रकरण के दौरान अनावेदक गो डिजीट जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड कार्पोरेट बैंगलोर एवं अन्य द्वारा आवेदिका से आपसी सहमति से राजीनामा राशि 1400000/- चौदह लाख रूपये मे समझौता होने पर अनावेदक गो डिजीट जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बैंगलोर द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट में जमा की गई। जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट अध्यक्ष श्री श्यामाचरण उपाध्याय एवं न्यायिक सदस्य डॉ महेश कुमार चांडक एवं सदस्य श्रीमति हर्षा बिजेवार डोहरे की बैंच ने आवेदिका श्रीमति रंजु बारेकर को उपरोक्त चेक राशि 14 लाख की प्रदान की।

आवेदिका श्रीमति रंजु बारेकर ने जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट द्वारा राशि 14 लाख रूपये की राशि का चेक प्राप्त होने पर जिला उपभोक्ता आयोग के कार्यों की प्रशंसा की एवं त्वरित राशि मिलने पर खुशी व्यक्त की।

## युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा मप्र का बजट

# सर्वसमावेशी बजट में युवाओं के लिए नए अवसरों की सौगात : वैभव पंवार

### भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने ऐतिहासिक बजट के लिए जताया मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्यप्रदेश सरकार के बजट 2025-26 को भारतीय जनता युवा मोर्चा मप्र के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी एवं वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा जी का युवाओं की ओर से आभार जताया है।उन्होंने कहा कि इस बजट में मध्यप्रदेश के विकास के रोडमैप के लिए कुल 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपये के प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प को सार्थक करने की दिशा में यह बढ़ते हुए कदम हैं। यह बजट गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के उत्थान को समर्पित है।उन्होंने कहा कि इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे के साथ-साथ युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर देने पर विशेष ध्यान दिया गया है।उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने वाला है। माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने शिक्षा, स्टार्टअप, स्वरोजगार और कौशल विकास को नए आयाम देने का काम किया है। रोजगार के नए अवसरों, आईटी हब के विस्तार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए बजट का विशेष प्रावधान युवाओं के लिए सुनहरे भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।₹उन्होंने कहा कि बजट में सीएम युवा शक्ति योजना अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम निर्माण करने का निर्णय अभिनंदनीय है। नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पतालों का निर्माण और विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार युवाओं के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा।